>

Title: Need to regularize the services of the ad-hoc safai Karmacharis working under Municipal Corporation of Delhi.

**श्री महाबल मिश्रा (पश्चिम दिल्ली):** सभापति महोदया, आपने दिल्ली का एक संवेदनशील मामला उठाने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद करता हूं। दिल्ली में लगभग 1639 अनधिकृत कॉलोनीज हैं जिसमें लगभग 40 लाख लोग रहते हैं और वे नारकीय जीवन व्यतीत करते हैं। वहां एक एक फुट पानी भरा रहता है और सफाई की हालत ऐसी हो गई है कि वहां अनेक तरह की बीमारियां फैलने की आशंका है। इसका कारण है कि जो 43000 सफाई कर्मचारी हैं, वे अस्थायी हैं। मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करता हूं कि जो सफाई कर्मचारी हैं, उनको काम नहीं मिलता। अस्थायी कर्मचारी वहां से जाता है तो इंस्पेक्टर की मर्जी है कि उसको काम दे या न दे। मैं आपसे आग्रह करता हूं कि उस कर्मचारी को रेगुलर किया जाए जिससे वह सफाई ढंग से कर सके।